Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to sanction funds for construction of a Railway line from Dehradun to Kalsi in Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल (उत्तराखंड) के देहरादून जिले की ओर दिलाना चाहती हूँ । मुरादाबाद मंडल के अन्तर्गत देहरादून से कालसी तक रेल लाइन बिछाने का सर्वे दो बार हो चुका है, जिसमें कोई भी टेक्निकल फॉल्ट नहीं है, लेकिन अभी तक देहरादून से कालसी तक रेल लाइन बिछाने के लिए वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है । यह क्षेत्र पछुवादून-प्रवादून जौनसार बावर क्षेत्र में आता है और इस क्षेत्र के बहुत सारे लोग सेना में अपनी सेवा दे रहे हैं, उनको अपने घर आने-जाने में असुविधा होती है । इसके साथ ही साथ कालसी शिलालेख पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है एवं व्यापारिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है । रेल लाइन न होने के कारण यहां के व्यापारियों तथा यहां आने-जाने वाले पर्यटकों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

मान्यवर, देहरादून से कालसी तक रेल लाइन की मांग बहुत पुरानी है और समय-समय पर मुरादाबाद मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से कालसी तक रेल लाइन बिछाने की मांग होती रही है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मुरादाबाद मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से कालसी तक रेल लाइन बिछाने के लिए तत्काल वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। इसके लिए क्षेत्र की जनता आपकी आभारी रहेगी।